an>

Title: Need to give compensation to the farmers whose land has been acquired for fencing the border areas.

श्री शेर सिंह गुबाया (फ़िरोज़पुर) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं गरीब किसानों की तरफ सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं। 1965 और 1971 में पाकिस्तान के साथ लड़ाई हुई थी तब डिफेंस के लिए मोर्चे बनाए गए थे, कुछ बांध बनाए गए थे। बांध के साथ कुछ ऐसा एरिया है जहां 12 महीने 30 दिन पानी चलता है लेकिन किसानों को कम्पेनसेशन नहीं दिया गया, पैसे नहीं दिए गए। मेरा अनुरोध है कि किसानों को पैसे दिए जाएं। फैंसिंग लगाई गई लेकिन जमीन का कम्पेनसेशन नहीं दिया गया।

पंजाब में 2007 में बार्डर के लिए पालिसी बनी थी, जमीन एलॉट की गई थी। हजारों एकड़ जमीन के जो मालिक बने थे, 2007 की पालिसी को कैंसल करके सरकार जमीन वापस लेना चाहती है। मेरा अनुरोध है कि केंद्र सरकार ने इन्टरवीन करके जमीन वापस लेने की प्रक्रिया को रोके ताकि लोगों को मालिकाना हक मिल सके।